भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3202

जिसका उत्तर 12.03.2020 को दिया जाना है

उत्तर प्रदेश में राज्यीय राजमार्गों का राष्ट्रीय राजमार्ग में उन्नयन करना

3202. डॉ॰ चन्द्र सेन जादौनः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राज्यीय राजमार्गों के राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में उन्नयन/रूपांतरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त प्रस्तावों की संख्या कितनी है;

(ख) आज की तिथि तक स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या कितनी है और इन परियोजनाओं के लिए आबंटित/जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन सभी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा तय की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ): विगत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार से राज्यीय राजमार्गो/राज्यीय सड़कों को उन्नयन/रूपांतरित कर उन्हें राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित किए जाने के बारे में 37 प्रस्ताव प्राप्त हुए है, जिन्हें राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित कर दिया गया है। इन नये राष्ट्रीय राजमार्गो पर 395 करोड़ रूपयें की लागत से 11 विस्तार/उन्नत कार्य को एक वर्ष की अवधि में पूरा कर लिए जाने की मंजूरी प्रदान कर दी गई है।

*****